कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री आशाराम प्रजापुत्र पुत्र श्री प्रभू कुम्हार निवासी ग्राम रायपुरा पोस्ट कल्याणपुरा तहसील लालसोट जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा

अपील संख्या 100/2022

निर्णय

दिनांक 16.09.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा / प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व प्रभारी अधिकारी भू0अ0 को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/2218–19 दिनांक 02.09.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/ 2022/996 दिनांक 07.09.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) में स्थानान्तरित किया गया है। प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा ने कार्यालय पत्र कमांकः भू0अ0/आरटीआई 2022/6160 दिनांक 13.09.2022 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:53:27 IST
Reason: SelfAttested